लोक सभा अध्यक्ष ने भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों को संबोधित किया

नई दिल्ली, 01 दिसम्बर, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों को संबोधित किया।

इस अवसर पर श्री बिरला ने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों द्वारा राष्ट्र सेवा में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। अध्यक्ष महोदय ने देश की एकता और अखंडता तथा कानून और व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही आतंकवाद का मुक़ाबला करने, संवेदनशील जानकारी एकत्र करने, कोविड राहत उपायों और आपदा प्रबंधन जैसे विविध कार्यों में पुलिस सेवा के योगदान का उल्लेख भी किया।

भारत की प्राचीन लोकतान्त्रिक विरासत के बारे में विचार व्यक्त करते हुए श्री बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि भारत का लोकतन्त्र जनाधारित है और प्राचीन काल से ही हमारे यहाँ सेवा, त्याग और न्याय के मानवीय मूल्यों पर ज़ोर दिया जाता रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आजादी के 75 वर्ष के बाद लोकतन्त्र में लोगों की आस्था बढ़ी है और भारतीय लोकतन्त्र और मजबूत और सुदृढ़ हुआ है।

यह टिप्पणी करते हुए कि जन प्रतिनिधि और पुलिस अधिकारी जन कल्याण के लिए मिलकर कार्य करते हैं, श्री बिरला ने अधिकारियों से लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने और उन पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने का आग्रह किया।

श्री बिरला ने कहा कि कानून और व्यवस्था सुशासन का आधार है और इसके न होने पर समाज की प्रगति अवरुद्ध होती है। श्री बिरला ने युवा पुलिस अधिकारियों से अद्यतन प्रौद्योगिकी और नवाचार अपनाने का आग्रह किया जिससे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके और कानून का पालन करने वाले लोगों को उनके दैनिक जीवन में सहायता दी जा सके।

राष्ट्र निर्माण में संसद की भूमिका के बारे में बात करते हुए श्री बिरला ने अधिकारियों को बताया कि लोकतन्त्र का यह पावन मंदिर 130 करोड़ से भी अधिक देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने यह भी कहा कि युवा अधिकारियों को समाज के कमजोर और निर्धन वर्गों की स्थिति में सुधार लाने के लिए कार्य करना चाहिए।

लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया और लोक सभा सचिवालय में अपर सचिव, श्री प्रसन्नजीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

अपने प्रशिक्षण के भाग के रूप में ये अधिकारी इस समय संसदीय लोकतन्त्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित संसदीय पद्धतियों और प्रक्रियाओं से संबंधित दो दिवसीय परिबोधन कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षणार्थी अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा के 73वें रेगुलर बैच के अधिकारी हैं। कुल 133 अधिकारी उदघाटन सत्र मे शामिल हुए।